MADHYA PRADESH JUDICIAL SERVICE
CIVIL JUDGE, JUNIOR DIVISION (ENTRY LEVEL) MAIN EXAM -2022

अनुक्रमांक/Roll No. | 1 | 7 | 0 | 5 |

Total No. of Questions : 18
कुल प्रश्नों की संख्या : 18

No. of Printed Pages : 05
मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 05

CONSTITUTION, CIVIL LAW & PROCEDURE
संविधान, व्यवहार विधि एवं प्रक्रिया

First Question Paper
प्रथम प्रश्न–पत्र

Time Allowed : 03:00 Hours
समय : 03:00 घण्टे

Maximum Marks : 100
पूर्णांक : 100

निर्देश :–

Instructions :-

1. All questions are compulsory. Answer to all the Questions must be given in one language either in Hindi or in English. In case there is any variance either printing or of a factual nature, out of the Hindi and English versions of the question, the English version will be treated as standard.

   सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी अथवा अंग्रेजी एक भाषा में ही देने हैं। किसी प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपांतर में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक भिन्नता होने की दशा में, अंग्रेजी रूपांतर को मानक माना जायेगा।

2. Write your Roll No. only in the space provided on the first page of Answer-Book / Supplementary Sheet. Writing of his/her own Name or Roll No. or any mark of identification in any form or any Number or Name or Mark, by which the Answer Book of a candidate may be distinguished/ identified from others, in any place of the Answer Book not provided for, is strictly prohibited and shall, in addition to other grounds, entail cancellation of his/her candidature.

   अनुक्रमांक केवल उत्तर पुस्तिका/अनुपूरक शीट के प्रथम पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर ही अंकित करें। उत्तर पुस्तिका में निर्दिष्ट स्थान के अतिरिक्त किसी स्थान पर अपना नाम या अनुक्रमांक या किसी भी रूप में पहचान का कोई चिन्ह अथवा कोई भी क्रमांक या नाम या चिन्ह अंकित करना, जिससे कि परीक्षार्थी की उत्तर पुस्तिका को अन्य उत्तर पुस्तिकाओं से अलग किया/ पहचाना जा सके, सर्वथा प्रतिषिद्ध है और अन्य आधारों के अतिरिक्त, उसकी अभ्यर्थिता निरस्त किये जाने का आधार होगा।

3. Writing of all answers must be clear & legible. If the writing of Answer Book written by any candidate is not clear or illegible in view of Valuer then the valuation of such Answer Book may not be done.

   सभी उत्तरों की लिखावट स्पष्ट और पठनीय होना आवश्यक है। किसी परीक्षार्थी के द्वारा लिखी गई उत्तर–पुस्तिका की लिखावट यदि मूल्यांकनकर्ता के मत में अस्पष्ट या अपठनीय होगी तो उसका मूल्यांकन नहीं किया जा सकेगा।

P.T.O.

Q.No/ प्र. क्र.	Question / प्रश्न	Marks/ अंक

CONSTITUTION OF INDIA
भारत का संविधान

1. Comment on constitutional validity of abrogating Article 370 of Constitution of India from the state of Jammu and Kashmir ? 8

   जम्मू एवं कश्मीर राज्य से भारत के संविधान के अनुच्छेद 370 को हटाये जाने की संवैधानिकता पर टिप्पणी कीजिये ?

2. "Right to information is a sub-set of right to freedom of speech and expression as guaranteed under Constitution of India". 4

   Critically examine the correctness of the above statement in the light of relevant case laws.

   "सूचना का अधिकार भारत के संविधान के अंतर्गत प्रत्याभूत वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का उप–समुच्चय है।"

   सुसंगत न्यायदृष्टांतों के प्रकाश में उपरोक्त कथन की सत्यता का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिये।

3. Explain how and when the Right to Education became a fundamental right ? 4

   शिक्षा का अधिकार कब और कैसे मूल अधिकार बन गया, समझाईये ?

CIVIL PROCEDURE CODE, 1908
व्यवहार प्रक्रिया संहिता, 1908

4. Differentiate between exercise of Appellate jurisdiction and Revisional jurisdiction ? 8

   अपीलीय क्षेत्राधिकार और पुनरीक्षण क्षेत्राधिकार के उपयोग के मध्य विभेद कीजिये ?

5. What is "Representative Suit" ? Who can file "Representative Suit" ? What are the essential conditions and purpose of "Representative Suit" ? Explain with relevant legal provisions. 4

   "प्रतिनिधि वाद" क्या है ? कौन "प्रतिनिधि वाद" प्रस्तुत कर सकता है ? "प्रतिनिधि वाद" का उद्देश्य और आवश्यक शर्तें क्या हैं ? सुसंगत विधिक प्रावधानों के साथ समझाइये।

6 How decree for restitution of conjugal rights can be enforced by Court of Law ? 4

   दाम्पत्य अधिकारों के प्रत्यास्थापन के लिए डिक्री का प्रवर्तन विधि के

न्यायालय द्वारा कैसे कराया जा सकता है ?

TRANSFER OF PROPERTY ACT, 1882
संपत्ति अंतरण अधिनियम, 1882

7. Discuss the essential elements of gift and decide the status of following :– 8

(i) A makes gift of a property to B, C and D. C and D accept while B refuses.

(ii) A gift comprising both existing and future property.

दान के आवश्यक तत्वों का उल्लेख कीजिये एवं निम्नलिखित की प्रास्थिति का निर्धारण कीजिये :–

(1) 'अ' एक संपत्ति का दान 'ब' 'स' एवं 'द' को करता है। 'स' एवं 'द' स्वीकार करते हैं, जबकि 'ब' अस्वीकार करता है।

(2) वर्तमान एवं भावी संपत्ति को समाविष्ट करते हुए किया गया एक दान।

8. How the law relating to restriction on transfer of *spes successionis* under Section 6(a) of Transfer of Property Act, 1882 has been interpreted by the judiciary? What is judicial approach regarding applicability of Section 43 of Transfer of Property Act, 1882 on transfer contrary to Section 6(a) of the Transfer of Property Act, 1882 ? 4

संपत्ति अंतरण अधिनियम, 1882 की धारा 6 (क) के अंतर्गत *संभाव्य उत्तराधिकार* के अंतरण पर निर्बंधन से संबंधित विधि को न्यायपालिका द्वारा कैसे निर्वचित किया गया है ? संपत्ति अंतरण अधिनियम, 1882 की धारा 6 (क) के विपरीत अंतरण पर संपत्ति अंतरण अधिनियम, 1882 की धारा 43 की प्रयोज्यता के संबंध में न्यायिक दृष्टिकोण क्या है ?

9. A property is given to Amit for life and after his death to Vikram. Vikram transfer this interest to Chanda. Vikram dies during the life time of Amit. Chanda claims the property. Solve the problem with the help of relevant legal provisions. 4

एक संपत्ति अमित को उसके जीवनपर्यन्त के लिए एवं उसकी मृत्यु के पश्चात् विक्रम को दी गई। विक्रम इस हित का अंतरण चंदा को करता है। अमित के जीवन काल में विक्रम की मृत्यु हो जाती है। चंदा संपत्ति पर दावा करती है। सुसंगत विधिक प्रावधानों की सहायता से समस्या का समाधान कीजिये।

INDIAN CONTRACT ACT, 1872
भारतीय संविदा अधिनियम, 1872

10. Up to what extent equitable doctrine of restitution is 8

applicable, if a minor obtains some property or money by fraudulently misrepresenting his age? How the case of *Leslie, Limited* v. *Sheill* has been interpreted by the Full Bench of Lahore and Allahabad High Courts in its landmark decision ?
यदि कोई अप्राप्तवय छलपूर्वक स्वयं की आयु के संबंध में दुर्व्यपदेशन कर कोई संपत्ति या धन प्राप्त करता है, तो प्रत्यास्थापन का साम्यापूर्ण सिद्धांत किस सीमा तक प्रयोज्य होगा ? लेस्ली, लिमिटेड बनाम शैल के मामले का निर्वचन लाहौर और इलाहाबाद उच्च न्यायालयों की पूर्ण पीठ ने अपने ऐतिहासिक फैसलों में किस प्रकार किया है ?

11. What are the various ways, in which a contract may be discharged ? 4
वे कौन से विभिन्न प्रकार हैं जिनसे किसी संविदा का उन्मोचन किया जा सकता है ?

12. Enumerate four circumstances where a third party can demand performance of a contract ? 4
वे चार परिस्थितियां बताईये जिनमें कोई तृतीय पक्ष किसी संविदा के अनुपालन की मांग कर सकता है ?

SPECIFIC RELIEF ACT, 1963
विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963

13. Discuss about the Rights of purchaser or lessee against a person having no title or imperfect title. 8
हक न रखने वाले अथवा अपूर्ण हक वाले व्यक्ति के विरूद्ध क्रेता या पट्टेदार के अधिकारों के बारे में चर्चा कीजिये।

14. List out the persons in whose favour specific performance of a contract cannot be enforced under the Specific Relief Act, 1963. Describe the contracts, which cannot be specifically enforced ? 4
विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 के अंतर्गत उन व्यक्तियों को सूचीबद्ध कीजिये जिनके पक्ष में संविदा का विनिर्दिष्ट पालन नहीं कराया जा सकता। वे संविदायें बताईये, जिनका विनिर्दिष्टतः अनुपालन नहीं कराया जा सकता। 4

15. Write note on following - 4
(i) What are the limits within which a court may permit rectification ?
(ii) Distinguish between rectification and Rescission.
निम्नलिखित पर टिप्पणी लिखिये :–

(i) वे परिसीमायें क्या हैं जिनके अंतर्गत न्यायालय परिशोधन की अनुमति दे सकता है ?

(ii) परिशोधन एवं विखण्डन में विभेद कीजिये।

LIMITATION ACT, 1963
परिसीमा अधिनियम, 1963

16. Describe the essential requirements for applicability of Section 14 of the Limitation Act, 1963. Whether the exercise of 'due diligence' and 'good faith' under Section 14 have the same connotation as 'sufficient cause' under Section 5 of the Limitation Act, 1963 ? Explain with help of relevant provisions and case law. 4

परिसीमा अधिनियम, 1963 की धारा 14 की प्रयोज्यता हेतु मर्मभूत आवश्यकताओं की व्याख्या कीजिये। क्या परिसीमा अधिनियम, 1963 की धारा 14 में वर्णित शब्दावली 'सम्यक तत्परता' और 'सद्भावपूर्वक' परिसीमा अधिनियम, 1963 की धारा 5 में वर्णित 'पर्याप्त हेतुक' के समान अर्थ रखते हैं ? सुसंगत प्रावधानों और न्याय निर्णय की सहायता से समझाइये।

17. What are the provisions relating to legal disability under the Limitation Act, 1963 ? 4

परिसीमा अधिनियम, 1963 के अंतर्गत विधिक निर्योग्यता से संबंधित प्रावधान क्या हैं ?

MIXED/ मिश्रित

18. **Write Short-notes / संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :–**

(A) Doctrine of cy-pres. 4

साइप्रेस का सिद्धांत।

(B) While defining an indigent person, explain in brief the procedure governing the institution of suit by such person. 4

एक निर्धन व्यक्ति को परिभाषित करते हुए, ऐसे व्यक्ति द्वारा वाद संस्थित करने की प्रक्रिया को समझाइये।

(C) Precepts. 4

आज्ञा पत्र

****